आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.11.2020

"सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020" के समापन समारोह में दिनांक 2 नवम्बर को महाप्रबंधक सभागार मे माननीय महाप्रबंधक श्री वी. एम. श्रीवास्तव द्वारा "सतर्कता ई–बुलेटिन 2020" का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। प्रमुख विभागाध्यक्षो ने भ्रष्टाचार रोकने एवं पारदर्शी प्रणाली अपनाने के लिए किए गए उपायो का जिक्र किया एवं बताया कि भविष्य में भी वह इस तरह के प्रयास करते रहेंगे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक मनया गया जिसमें मुख्य रूप से संगठन की नीतियों/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा/सेवा निविदा/भंडार निविदा पर जानकारी के प्रचार एवं प्रसार हेतु वेबिनार, ग्राहक/विक्रेता/ठेकेदार शिकायत निवारण शिविर, वाद–विवाद/निबंध लेखन/कार्टून/पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने सतर्कता के महत्व को बताया एवं सतर्क होकर कार्य करने की सलाह दी। समापन समारोह में माननीय महाप्रबंधक श्री वी. एम. श्रीवास्तव ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों को सलाह दी की वे अपने-अपने विभागों में शिकायत सुझाव पेटी बनवायें एवं उस पर अपनी निगरानी मे शिकायतों का निदान करवायें, जिससे भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहायता भी मिलेगी साथ ही साथ 'सतर्क भारत – समृद्ध भारत' का सपना साकार होगा।

02/11/2020

(वी. के. दूबे)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी